जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

दीक्षांत समारोह 2023 के आयोजन सम्बन्धी निर्देश

1. दीक्षांत समारोह अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में दिनांक 27 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे से आयोजित होगा।
2. दीक्षांत समारोह में पी–एच.डी. एवं स्नातकोत्तर स्तर की उपाधियां प्रदान की जावेगी।
3. दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायो में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्राविण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक भी दिये जावेंगे। स्वर्ण पदक के पात्र छात्र/छात्राओं की सूची पृथक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेंगी।
4. दीक्षांत समारोह में पी–एच.डी. स्तर एवं स्वर्ण–पदक धारी छात्र/छात्राओं को मंच से उपाधि एवं स्वर्णपदक प्रदान किए जावेंगे तथा स्नातकोत्तर स्तर के छात्र/छात्राओं को सभागार में एक साथ खड़े कर उपाधियां प्रदान की जावेंगी।
5. दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें अनिवार्य रूप से दीनांक 27 अगस्त, 2023 को प्रातः 9.30 बजे तक सभागार में अपना स्थान ग्रहण कर लें। 9.30 बजे के पश्चात किसी भी छात्र/छात्रा को सभागार में प्रवेश की अनुमति नही होगी।
6. समारोह में सभी प्रतिभागी निर्धारित गणवेश में, छात्राओं के लिए सफेद साड़ी ब्लाउज/ सफेद सूट तथा छात्रों के लिए सफेद कुर्ता–पजामा पहनकर उपस्थित हों।
7. गणवेश के अधोवस्त्र के रूप में साफा एवं जैकेट विश्वविद्यालय से रूपये 1000/– धरोहर राशि जमा कर प्राप्त की जा सकेगी जो कि कार्यक्रम के समापन के पश्चात उसी दिन वापिस करनी होगी। जैकेट एवं साफा वापस होने पर सम्बंधित छात्र को धरोहर राशि तत्काल वापिस कर दी जावेगी।
8. साफा एवं जैकेट सभागार के बगल में स्थित गैलरी में निर्धारित स्थान से प्राप्त की जा सकेगी।
9. समारोह के दौरान समस्त आगन्तुक निर्धारित स्थान पर शांतिपूर्वक बैठेंगे तथा सभागार में शोभा यात्रा के आगमन एव निर्गमन के समय अपने स्थान पर खड़े रहेंगे।
10. सभागार में समारोह के दौरान समस्त मोबाइल स्विच ऑफ रखने होंगे।
11. समारोह मे भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें एवं आगन्तुक निर्धारित स्थान पर ही अपने वाहन पार्क करें।
12. समारोह में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें यदि अपने साथ किसी परिजन को लाना चाहते है तो उन्हे इसकी सूचना पहले से

समारोह संयोजक को देनी होगी ताकि परिजनों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

13. समारोह में प्रतिभागिता हेतु यदि कोई छात्र/छात्रा आवासीय व्यवस्था चाहता है तो उसे विश्वविद्यालय के अतिथि ग्रह में एक दिन पूर्व सूचना देकर अपना कक्ष आरक्षित कराना होगा।
14. समारोह मे आमंत्रण पत्र लाना अनिवार्य होगा।
15. सभागार में धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

16. दीक्षांत समारोह एक गरिमामयी कार्यक्रम है इसलिए सभागार में उपस्थित प्रत्येक प्रतिभागी को उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करना होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रति,

1. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. श्री संजय बरथरिया की ओर इस निर्देश के साथ कि वे दीक्षांत आयोजन संबंधी दिशा निर्देशों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे।

सहा./उप–कुलसचिव(अकादमी)